भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या *41**
**03 दिसंबर, 2025 के लिए प्रश्न**

**पीडीएस संबंधी परिचालनों का आकलन**

*41. **श्री नव चरण माझी:**
**श्रीमती रूपकुमारी चौधरी:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने राज्य और जिला-वार देश के आकांक्षी जिलों, विशेषकर राजस्थान के सिरोही जिले, उत्तर-पूर्व भारत और बागपत लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के परिचालन के संबंध में कोई आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो उक्त आकलन के उद्देश्य और मुख्य निष्कर्ष क्या हैं और बिहार के आकांक्षी जिलों की सूची क्या है;

(ग) क्या सरकार ने राज्य और जिला-वार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत विशेषकर छत्तीसगढ़ और देश के जनजातीय बहुल जिलों, जैसे महाराष्ट्र के पालघर में सुधार के लिए खरीद, भंडारण, वितरण या शिकायत निवारण से संबंधित विशिष्ट क्षेत्रों की पहचान की है;

(घ) यदि हां, तो विशेषकर बागपत लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के संबंध में तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) उक्त योजना से अन्य पात्र व्यक्तियों को जोड़ने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं;

(च) देश में विशेषकर छत्तीसगढ़ के आकांक्षी जिलों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के संचालन, खाद्यान्नों की उपलब्धता, ऑफटेक/उठान, वितरण, पारदर्शिता, आधार/ई-पीओएस प्रमाणीकरण और शिकायत निवारण तंत्र की दक्षता के संबंध में केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा किए गए किसी भी मूल्यांकन, सर्वेक्षण या समीक्षा के मुख्य निष्कर्ष और सुधारात्मक कार्रवाई क्या है;

(छ) सरकार द्वारा विगत तीन वर्षों के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से वितरित किए गए विभिन्न अनाजों की मात्रा का वर्ष-वार और राज्य-वार विशेषकर हिमाचल प्रदेश के संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ज) सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से विशेषकर हिमाचल प्रदेश के संबंध में विभिन्न प्रकार के अनाज प्राप्त करने वाले लाभार्थियों का अनाज-वार, वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री**
**(श्री प्रल्हाद जोशी)**

**(क) से (ज):** विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*******

**लोक सभा में 'पीडीएस संबंधी परिचालनों का आकलन' के संबंध में दिनांक 03.12.2025 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 41 (प्रथम वरीयता) के भाग (क) से (ज) के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

**(क) और (ख):** विभाग ने जून-अगस्त 2025 के बीच सभी 112 आकांक्षी जिलों में पीडीएस संचालन और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के कार्यान्वयन के कामकाज का आकलन करने के लिए एक अभ्यास किया। अभ्यास का उद्देश्य: i) उचित दर की दुकानों (एफपीएस) का कामकाज, ii) खरीद केंद्रों के संचालन की समीक्षा, iii) भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और केंद्रीय भंडारण निगम (सीडब्ल्यूसी) के तहत डिपो की अवसंरचना और दक्षता का मूल्यांकन, iv) पीएमजीकेएवाई के तहत लाभार्थियों की प्रतिक्रिया एकत्र करना और v) इन जिलों में सीपीजीआरएएमएस के माध्यम से उठाई गई शिकायतों के समाधान का मूल्यांकन करना या कुल मिलाकर, अभ्यास में 113 खरीद केंद्र, 277 उचित दर की दुकानें, 108 डिपो और 458 पीएमजीकेएवाई लाभार्थियों के साथ संपर्क शामिल था। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पूर्वोत्तर राज्यों और बिहार सहित अभ्यास में शामिल जिलों की सूची **अनुबंध-I** में है।

(ग) से (च): सभी 112 आकांक्षी जिलों में किए गए मूल्यांकन के आधार पर, सरकार ने विशिष्ट क्षेत्रों को चिन्हित किया है जहां खरीद, भंडारण, वितरण और शिकायत निवारण तंत्र को और मजबूत करने से सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समग्र दक्षता में वृद्धि होगी।

खरीद प्रचालनों में, इस अभ्यास में पाया गया कि अधिकांश खरीद केंद्र प्रभावी ढंग से कार्य कर रहे थे, हालांकि कुछ केंद्रों को उन्नत अवसंरचनात्मक सुविधाओं और किसानों को एमएसपी के लिए समय पर भुगतान सुनिश्चित करने से लाभ होगा।

भंडारण के संबंध में, जबकि एफसीआई और सीडब्ल्यूसी डिपो अधिकतर निर्धारित मापदंडों को पूरा करते हैं, अवसंरचना में सुधार, एफसीआई और सीडब्ल्यूसी कार्मिकों के लिए वैज्ञानिक भंडारण पद्धतियों पर प्रशिक्षण और डिपो दर्पण पोर्टल के समान राज्य भंडारण डिपो के लिए स्व-मूल्यांकन उपकरण बनाने के अवसर पाए गए।

वितरण के संबंध में, उचित दर की दुकानों ने आमतौर पर संतोषजनक ढंग से कार्य किया और लाभार्थियों ने ई-पीओएस आधारित वितरण से उच्च स्तर की संतुष्टि व्यक्त की; हालाँकि, कुछ मामलों में, कनेक्टिविटी संबंधी समस्याओं और उपकरणों की खराबी के कारण देरी हुई या उन्हें कई बार आना पड़ा। इस अभ्यास में पीएमजीकेएवाई, फोर्टिफाइड चावल और पोर्टेबिलिटी के बारे में लाभार्थियों में जागरूकता बढ़ाने, लाभार्थियों को ई-रसीदें प्रदान करने, उचित दर की दुकानों के डीलरों को समय पर कमीशन का भुगतान सुनिश्चित करने और उचित दर की दुकानों पर न्यूनतम सुविधाएँ सुनिश्चित करने की संभावनाओं को चिन्हित किया गया।

शिकायत निवारण में, मूल्यांकन में अधिक एकीकृत शिकायत चैनलों, सतर्कता समितियों और राज्य खाद्य आयोगों के बेहतर कामकाज और लाभार्थियों से फीडबैक एकत्र करने के लिए एआई-आधारित समाधान शुरू करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया।

(छ) पिछले तीन वर्षों के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से सरकार द्वारा वितरित विभिन्न अनाजों की मात्रा का वर्ष-वार और राज्य-वार विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ज) सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से विभिन्न अनाज प्राप्त करने वाले लाभार्थियों का अनाज-वार, वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-III** में दिया गया है।

*****

लोक सभा में दिनांक 03.12.2025 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 41* के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

**राज्य-वार कवर किए गए आकांक्षी जिलों की सूची:**

| क्र. सं. | राज्य | जिला |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | विजियानगरम |
| 2 | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम |
| 3 | आंध्र प्रदेश | वाई.एस.आर. कडप्पा |
| 4 | अरुणाचल प्रदेश | नमसई |
| 5 | असम | गोलपाड़ा |
| 6 | असम | बारपेटा |
| 7 | असम | हैलाकांडी |
| 8 | असम | बक्सा |
| 9 | असम | दरांग |
| 10 | असम | उदलगुरी |
| 11 | असम | धुबरी |
| 12 | बिहार | सीतामढ़ी |
| 13 | बिहार | अररिया |
| 14 | बिहार | पूर्णिया |
| 15 | बिहार | कटिहार |
| 16 | बिहार | मुजफ्फरपुर |
| 17 | बिहार | बेगूसराय |
| 18 | बिहार | खगड़िया |
| 19 | बिहार | बांका |
| 20 | बिहार | शेखपुरा |
| 21 | बिहार | औरंगाबाद |
| 22 | बिहार | गया |
| 23 | बिहार | नवादा |
| 24 | बिहार | जमुई |
| 25 | छत्तीसगढ़ | कोरबा |
| 26 | छत्तीसगढ़ | राजनांदगांव |
| 27 | छत्तीसगढ़ | महासमुंद |
| 28 | छत्तीसगढ़ | कांकेर |
| 29 | छत्तीसगढ़ | नारायणपुर |
| 30 | छत्तीसगढ़ | दंतेवाड़ा |
| 31 | छत्तीसगढ़ | बीजापुर |
| 32 | छत्तीसगढ़ | बस्तर |
| 33 | छत्तीसगढ़ | कोंडागांव |
| 34 | छत्तीसगढ़ | सुकमा |
| 35 | गुजरात | दाहोद |

| | | |
|---|---|---|
| 36 | गुजरात | नर्मदा |
| 37 | हरियाणा | नूह (मेवात) |
| 38 | हिमाचल प्रदेश | चंबा |
| 39 | जम्मू और कश्मीर | बारामुल्ला |
| 40 | जम्मू और कश्मीर | कुपवाड़ा |
| 41 | झारखंड | बोकारो |
| 42 | झारखंड | चतरा |
| 43 | झारखंड | दुमका |
| 44 | झारखंड | पूर्वी सिंहभूम |
| 45 | झारखंड | गढ़वा |
| 46 | झारखंड | गिरिडीह |
| 47 | झारखंड | गोड्डा |
| 48 | झारखंड | गुमला |
| 49 | झारखंड | हजारीबाग |
| 50 | झारखंड | लातेहार |
| 51 | झारखंड | लोहरदगा |
| 52 | झारखंड | पाकुड़ |
| 53 | झारखंड | पलामू |
| 54 | झारखंड | रांची |
| 55 | झारखंड | साहिबगंज |
| 56 | झारखंड | सिमडेगा |
| 57 | झारखंड | पश्चिम सिंहभूम |
| 58 | झारखंड | खूंटी |
| 59 | झारखंड | रामगढ़ |
| 60 | कर्नाटक | यादगीर |
| 61 | कर्नाटक | रायचूर |
| 62 | केरल | वायनाड |
| 63 | मध्य प्रदेश | बड़वानी |
| 64 | मध्य प्रदेश | छतरपुर |
| 65 | मध्य प्रदेश | दमोह |
| 66 | मध्य प्रदेश | ईस्ट निमाड़ (खंडवा) |
| 67 | मध्य प्रदेश | गूना |
| 68 | मध्य प्रदेश | राजगढ़ |
| 69 | मध्य प्रदेश | विदिशा |
| 70 | मध्य प्रदेश | सिंगरौली |
| 71 | महाराष्ट्र | गढ़चिरौली |
| 72 | महाराष्ट्र | वाशिम |
| 73 | महाराष्ट्र | नंदुरबार |
| 74 | महाराष्ट्र | उस्मानाबाद |
| 75 | मणिपुर | चंदेल |
| 76 | मेघालय | री भोई |

| | | |
|---|---|---|
| 77 | मिजोरम | ममित |
| 78 | नागालैंड | किफिरे |
| 79 | ओडिशा | बलांगीर |
| 80 | ओडिशा | ढेंकनाल |
| 81 | ओडिशा | गजपति |
| 82 | ओडिशा | कालाहांडी |
| 83 | ओडिशा | कंधमाल |
| 84 | ओडिशा | कोरापुट |
| 85 | ओडिशा | मलकानगिरी |
| 86 | ओडिशा | नबरंगपुर |
| 87 | ओडिशा | नुआपाड़ा |
| 88 | ओडिशा | रायगढ़ |
| 89 | पंजाब | फिरोजपुर |
| 90 | पंजाब | मोगा |
| 91 | राजस्थान | बारां |
| 92 | राजस्थान | धौलपुर |
| 93 | राजस्थान | जैसलमेर |
| 94 | राजस्थान | करौली |
| 95 | राजस्थान | सिरोही |
| 96 | सिक्किम | ग्यालशिंग (वेस्ट सिक्किम) |
| 97 | तमिलनाडु | रामनाथपुरम |
| 98 | तमिलनाडु | विरुधुनगर |
| 99 | तेलंगाना | जयशंकर भूपालपल्ली |
| 100 | तेलंगाना | कुमुरामभीन आसिफाबाद |
| 101 | तेलंगाना | भद्राद्री कोठागुडेम |
| 102 | त्रिपुरा | धलाई |
| 103 | उत्तर प्रदेश | बहराइच |
| 104 | उत्तर प्रदेश | बलरामपुर |
| 105 | उत्तर प्रदेश | चंदौली |
| 106 | उत्तर प्रदेश | चित्रकूट |
| 107 | उत्तर प्रदेश | फतेहपुर |
| 108 | उत्तर प्रदेश | श्रावस्ती |
| 109 | उत्तर प्रदेश | सिद्धार्थनगर |
| 110 | उत्तर प्रदेश | सोनभद्र |
| 111 | उत्तराखंड | उधम सिंह नगर |
| 112 | उत्तराखंड | हरिद्वार |

*****

**अनुबंध-II**

**लोक सभा में दिनांक 03.12.2025 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 41* के भाग (छ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

**राज्यवार, वर्षवार खाद्यान्न वितरण (टन में)**

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2023 | | | | 2024 | | | | 2025 तक | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | गेहूं | चावल | मोटे अनाज | कुल | गेहूं | चावल | मोटे अनाज | कुल | गेहूं | चावल | मोटे अनाज | कुल |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 534 | 3,697 | - | 4,231 | 535 | 3,701 | - | 4,236 | 437 | 3,024 | - | 3,461 |
| आंध्र प्रदेश | 2,727 | 17,17,331 | 17,005 | 17,37,063 | - | 17,15,489 | 27,278 | 17,42,767 | - | 14,39,633 | 18,865 | 14,58,497 |
| अरुणाचल प्रदेश | - | 50,190 | - | 50,190 | - | 51,783 | - | 51,783 | - | 42,442 | - | 42,442 |
| असम | - | 11,99,564 | - | 11,99,564 | - | 14,90,491 | - | 14,90,491 | - | 13,25,586 | - | 13,25,586 |
| बिहार | 10,41,220 | 41,73,458 | - | 52,14,677 | 10,87,100 | 39,41,498 | - | 50,28,598 | 9,98,939 | 31,88,017 | - | 41,86,955 |
| छत्तीसगढ़ | - | 13,38,063 | - | 13,38,063 | - | 13,41,737 | - | 13,41,737 | 45 | 11,22,263 | - | 11,22,308 |
| दादरा और नगर हवेली व दमन और दीव | 1,488 | 14,393 | - | 15,881 | 1,573 | 15,236 | - | 16,810 | 1,303 | 12,600 | - | 13,903 |
| दिल्ली | 2,85,196 | 1,88,276 | - | 4,73,472 | 3,17,261 | 2,11,136 | - | 5,28,397 | 2,69,269 | 1,79,034 | - | 4,48,302 |
| गोवा | 0 | 29,690 | - | 29,690 | 0 | 29,193 | - | 29,193 | 0 | 23,705 | - | 23,705 |
| गुजरात | 9,12,015 | 11,66,874 | 56,788 | 21,35,677 | 9,55,869 | 10,83,571 | 1,51,579 | 21,91,020 | 8,19,117 | 8,26,608 | 89,140 | 17,34,865 |
| हरियाणा | 7,28,445 | - | 41,037 | 7,69,482 | 7,01,301 | - | 3,44,817 | 10,46,118 | 6,67,010 | - | 2,17,422 | 8,84,432 |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हिमाचल प्रदेश | 1,08,360 | 89,195 | - | 1,97,555 | 1,02,997 | 77,725 | - | 1,80,722 | 81,969 | 60,969 | - | 1,42,938 |
| जम्मू और कश्मीर | 1,13,901 | 3,05,019 | - | 4,18,920 | 1,16,663 | 3,08,427 | - | 4,25,090 | 99,746 | 2,59,046 | - | 3,58,792 |
| झारखंड | 3,16,302 | 13,09,299 | - | 16,25,601 | 3,54,643 | 12,82,283 | - | 16,36,927 | 3,01,893 | 10,64,384 | - | 13,66,277 |
| कर्नाटक | - | 20,81,372 | 4,12,564 | 24,93,936 | - | 20,96,229 | 4,01,286 | 24,97,515 | - | 16,16,089 | 4,67,639 | 20,83,728 |
| केरल | 1,62,574 | 8,16,596 | 487 | 9,79,657 | 1,77,047 | 8,19,771 | 16 | 9,96,834 | 1,41,653 | 6,57,906 | 0 | 7,99,558 |
| लद्दाख | 4,317 | 3,486 | - | 7,803 | 4,290 | 3,462 | - | 7,752 | 3,483 | 2,833 | - | 6,316 |
| लक्षद्वीप | - | 611 | - | 611 | - | 1,325 | - | 1,325 | - | 1,138 | - | 1,138 |
| मध्य प्रदेश | 12,72,253 | 19,31,154 | 2,814 | 32,06,221 | 15,08,165 | 18,38,784 | - | 33,46,949 | 13,97,705 | 13,36,206 | 840 | 27,34,751 |
| महाराष्ट्र | 14,29,955 | 25,75,273 | 16,732 | 40,21,960 | 15,05,662 | 26,09,003 | 61,265 | 41,75,930 | 12,66,968 | 22,08,836 | 74,972 | 35,50,776 |
| मणिपुर | - | 27,919 | - | 27,919 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| मेघालय | - | 1,24,324 | - | 1,24,324 | - | 1,26,222 | - | 1,26,222 | - | 1,04,471 | - | 1,04,471 |
| मिजोरम | - | 46,379 | - | 46,379 | - | 46,687 | - | 46,687 | - | 38,162 | - | 38,162 |
| नागालैंड | - | 71,297 | - | 71,297 | - | 72,084 | - | 72,084 | - | 59,740 | - | 59,740 |
| ओडिशा | 5 | 22,18,705 | - | 22,18,710 | 1,710 | 22,22,057 | - | 22,23,767 | 3,450 | 18,37,974 | - | 18,41,424 |
| पंजाब | 6,37,593 | - | - | 6,37,593 | 8,77,366 | - | - | 8,77,366 | 6,57,068 | - | - | 6,57,068 |
| राजस्थान | 26,07,589 | - | - | 26,07,589 | 25,65,551 | - | - | 25,65,551 | 20,76,672 | - | - | 20,76,672 |
| सिक्किम | - | 17,577 | - | 17,577 | - | 19,770 | - | 19,770 | - | 14,125 | - | 14,125 |
| तमिलनाडु | 53,826 | 23,12,809 | 4,307 | 23,70,942 | 61,511 | 22,74,984 | 2,837 | 23,39,331 | 56,089 | 18,90,091 | 2,373 | 19,48,553 |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तेलंगाना | - | 12,07,709 | - | 12,07,709 | - | 12,25,778 | - | 12,25,778 | 0 | 10,46,500 | - | 10,46,500 |
| त्रिपुरा | - | 1,60,174 | - | 1,60,174 | - | 1,61,241 | - | 1,61,241 | - | 1,32,463 | - | 1,32,463 |
| उत्तर प्रदेश | 37,96,600 | 56,48,851 | 3,342 | 94,48,792 | 37,01,339 | 53,51,166 | 3,71,394 | 94,23,899 | 31,39,278 | 42,91,460 | 1,64,280 | 75,95,019 |
| उत्तराखंड | 1,25,397 | 2,00,901 | - | 3,26,298 | 1,41,027 | 2,29,360 | 0 | 3,70,387 | 1,16,278 | 1,86,940 | 2,461 | 3,05,679 |
| पश्चिम बंगाल | 15,40,228 | 23,10,641 | - | 38,50,869 | 15,51,516 | 23,28,144 | - | 38,79,660 | 12,99,814 | 19,50,501 | - | 32,50,315 |
| **कुल योग** | **1,51,40,525** | **3,33,40,829** | **5,55,077** | **4,90,36,431** | **1,57,33,126** | **3,29,78,337** | **13,60,473** | **5,00,71,936** | **1,33,98,186** | **2,69,22,745** | **10,37,991** | **4,13,58,922** |

टिप्पणी: वर्ष 2025 का वितरण डाटा अक्टूबर 2025 तक का है और मणिपुर राज्य मई, 2023 से वितरण डाटा रिपोर्ट नहीं कर रहा है।

*****

**अनुबंध-III**

**लोक सभा में दिनांक 03.12.2025 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 41* के भाग (ज) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

**राज्यवार और वर्षवार पीएमजीकेएवाई लाभार्थी:**

| क्र.सं. | राज्य का नाम | 2023 | 2024 | 2025 ( स्थिति के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 61,660 | 59,374 | 61,275 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 2,68,97,569 | 2,68,30,680 | 2,68,23,200 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 8,83,237 | 8,83,191 | 8,83,172 |
| 4 | असम | 2,29,02,389 | 2,31,58,866 | 2,47,94,442 |
| 5 | बिहार | 8,78,80,314 | 8,38,00,818 | 8,56,28,689 |
| 6 | चंडीगढ़ | 3,23,354 | 3,55,674 | 3,55,348 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 2,00,00,746 | 1,99,21,016 | 1,98,78,551 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली व दमन और दीव | 2,68,463 | 2,72,704 | 2,65,135 |
| 9 | दिल्ली | 72,81,586 | 72,77,742 | 72,77,810 |
| 10 | गोवा | 4,85,754 | 4,79,079 | 4,75,594 |
| 11 | गुजरात | 3,72,50,062 | 3,83,90,798 | 3,48,83,971 |
| 12 | हरियाणा | 1,78,66,188 | 2,01,17,555 | 1,58,88,826 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 53,16,749 | 29,16,512 | 28,50,806 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 66,47,484 | 66,53,230 | 67,35,202 |
| 15 | झारखंड | 2,64,85,330 | 2,63,99,419 | 2,51,94,252 |
| 16 | कर्नाटक | 4,04,21,534 | 4,01,93,000 | 4,01,93,208 |
| 17 | केरल | 1,52,26,706 | 1,50,61,242 | 1,47,61,132 |
| 18 | लद्दाख | 1,24,885 | 1,23,239 | 1,14,543 |
| 19 | लक्षद्वीप | 23,456 | 23,787 | 23,720 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 5,26,52,028 | 5,54,18,818 | 5,34,00,925 |
| 21 | महाराष्ट्र | 6,65,71,685 | 6,84,32,163 | 6,84,18,145 |
| 22 | मणिपुर | 20,52,296 | 20,92,507 | 21,11,328 |
| 23 | मेघालय | 21,14,904 | 21,16,248 | 21,16,184 |
| 24 | मिजोरम | 6,96,507 | 6,96,396 | 7,07,336 |
| 25 | नागालैंड | 11,64,722 | 12,24,649 | 11,62,808 |
| 26 | ओडिशा | 3,25,02,104 | 3,23,92,303 | 2,34,79,616 |
| 27 | पुडुचेरी | 6,84,590 | 6,99,046 | 7,01,070 |
| 28 | पंजाब | 1,46,43,697 | 1,59,45,516 | 1,53,58,402 |
| 29 | राजस्थान | 4,37,84,306 | 4,36,96,914 | 4,44,53,189 |
| 30 | सिक्किम | 3,81,502 | 3,83,502 | 3,77,248 |
| 31 | तमिलनाडु | 3,65,07,636 | 3,60,35,078 | 3,65,19,481 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 32 | तेलंगाना | 1,91,75,502 | 1,92,27,039 | 1,91,99,575 |
| 33 | त्रिपुरा | 24,42,730 | 24,35,165 | 23,47,440 |
| 34 | उत्तराखंड | 60,73,150 | 60,79,177 | 60,53,441 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 15,04,20,384 | 14,87,91,087 | 14,71,83,826 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 5,99,62,436 | 6,02,04,951 | 5,99,12,883 |
| **कुल** | | **80,81,79,668** | **80,87,90,509** | **79,05,93,798** |

*****